कार्यालयः– जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम (राज.)

कमांकः– स्टोर/2025–26/ 3600 दिनांकः– 7/08/2025

निविदा सूचना

इस न्यायक्षेत्र के क्षेत्राधीन नवसृजित अपर जिला एवं सेशन न्यायालय चाकसू, जयपुर महानगर प्रथम के कार्यालय एवं न्यायालय के उपयोग हेतु कम्प्युटर मय प्रिन्टर्स एवं फोटो कॉपीयर्स मशीन सामग्री कय करने बाबत् अधिकृत/पंजीकृत विकेताओं/डीलर्स/निर्माताओ आदि से निम्नानुसार मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है:–

क0स0	निविदा का नाम	अनुमानित लागत	अमानता राशि	निविदा फार्म शुल्क
(1)	आल–इन–वन कम्प्युटर मय प्रिन्टर एवं फोटो कॉपीयर्स मशीन का कय वर्ष 2025–26 **As per specifications (Annuxure-D)**	3.55 लाख	7100/–	500/–

इस कार्यालय से निविदा प्रपत्र दिनांक 13.08.2025 को दोपहर 1:00 तक कय किये जाकर दिनांक 13.08.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है जो दिनांक 13.08.2025 को ही अपरान्ह 4:30 बजे कय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोले जावेगें निविदा का सम्पूर्ण विवरण एव शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वैबसाईट https://jaipurmetro1.dcourts.gov.in पर तथा इस कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

NIB – MET2526A0009
UBN – MET2526GSOB00009

अध्यक्ष,
कय समिति
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–I

Vtom/[illegible]

Annexure A

<u>कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम</u>

<u>निविदा प्रारूप (तकनीकी बिड)</u>

निविदा प्रपत्र शुल्क 500/–(वापसी योग्य नहीं)

क. सं0	कार्य का नाम	नवसृजित अपर जिला एवं सेशन न्यायालय चाकसू जयपुर महानगर प्रथम हेतु फर्नीचर का क्रय वर्ष 2025–26
1.	अनुमानित राशि	3.55 लाख
2.	अमानता राशि	7100/–
3.	निविदा प्रपत्र बेचने की अंतिम तिथि एंव समय	दिनांक 13.08.2025 अपराह्न 1.00 बजे तक
4.	निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 13.08.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 13.07.2025 अपराह्न 4.30 बजे
6.	निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व पता	....
7.	किसको संबोधित किया गया है	जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम
8.	निविदा शुल्क की राशि	500/–
9.	नकद रसीद सं0 व दिनांक डीडी नं. व दिनांक	
10.	अमानता राशि/बैंकर्स चैक/डीडी क्रमांक व दिनांक बैंक मय शाखा का नाम व राशि	
11.	निर्माता प्राधिकरण प्रपत्र(हॉ/नहीं) अंकित करें	
12.	रूपये 50/– के नॉन ज्यूडिशियल के स्टाम्प पर घोषणा(**Annexure F**)	
13.	वैट/जीएसटी नंबर	
14.	क्लीयरेंस सर्टिफिकेट	सलंग्न है/सलंग्न नहीं
15.	गत दो वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर (न्यूनतम 10.00 लाख रूपये होना अनिवार्य)	रूपये..........................
16.	भूमि सीमा देश पंजीकरण(Land Border Country Registration)	आवश्यक(Required)
18.	संबंधित कंपनी से अधिकृत डीलर/निर्माता होने का प्रमाण पत्र	
19.	राजकीय कार्यालयों में सन्तोषप्रद आपूर्ति का प्रमाण पत्र (**Annexure G**)	

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

Annexure B

कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

वित्तीय बिड

सामग्री आपूर्ति हेतु दर प्रस्तुत करने का प्रपत्र

मै/हम ....वास्ते मैसर्स...

निविदा सूचना के सम्बन्ध में निम्नानुसार अंकित सामग्री आपूर्ति हेतु दरें प्रस्तुत करते है–

S.no	Name of Items (As per tender Specification)	Approx Tender Cost	No. of items	Rate Per Unit/Item In Rs.(Including all tax)
1.	All-In-One PC with Ups **(As per specifications)**	2.80 Lac	4	
2.	Printer **(As per specifications)**		4	
3.	Photocopier Machine **(As per specifications)**	0.75 Lac	1	

नोटः–

1. आपूर्ति किये जाने वाले आईटम्स् की वारण्टी अवधि......................................वर्ष रहेगी।

2.राज्य में किसी लोक उपापन में भागीदारी के लिए भारत की सीमाओं से लगे हुए देशों से संबंधित या हिताधिकारी स्वामित्व वाले बोलीदाता, राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग में पूर्व रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् ही अनुज्ञात किये जायेंगे।

3. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरों में आपूर्ति, इंस्टॉलेशन आदि सम्मिलित होंगे। इसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

<u>कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम</u>

(Annexure C)

<u>:– बोली हेतु सामान्य नियम एवं शर्तें :–</u>

नोटः– बोलीदाताओं को शर्तो को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा बोली प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्ण पालना करनी चाहिए।

1. बोलीदाताओं को निविदा प्रपत्र शुल्क के रूप में राशि रू0 500/– एवं बोली प्रतिभूति के रूप में राशि रू0 7100/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम के नाम से बनवाकर तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

   राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013, के नियम 42 के प्रावधानों के अन्तर्गत संबंधित निविदादाओं को बोली प्रतिभूति राशि (उपापन हेतु प्राक्कलित मूल्य का 2 प्रतिशत) जमा करवानी होगी या जैसा राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे। **बोली प्रतिभूति एवं निविदा प्रपत्र में राज्य सरकार के नियमानुसार ही छूट देय होगी।**

2. जो बोलीदाता बोली में भाग लेना चाहते है वे वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय तक कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम के भण्डार शाखा के कमरा नम्बर 103 में निविदा जमा करवा सकते है।

3. बोली की समस्त प्रक्रिया द्विपक्रमी होगी। इसके लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली पृथक–पृथक प्रस्तुत की जावेगी, जिन निविदादाओं को तकनीकी निविदा में योग्य पाया जावेगा उन्हीं की वित्तीय बिड खोली जावेगी।

4. **निविदादाताओं को Annexure D में उल्लेखित आइटमों (संख्या एवं स्पेशिफिकेशन) के अनुसार आपूर्ति करने होगें।**

5. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013, जिसे आगे "अधिनियम" व "नियम" कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाइन आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे। बोलीदाता को "अधिनियम" व "नियम" की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिए। बोली दस्तावेज तथा उपर्युक्त "अधिनियम" व "नियम" में किसी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त "अधिनियम" व "नियम" के प्रावधान ही अधिभावी होंगे।

6. निविदा की शर्तें इस कार्यालय में अथवा ऑनलाइन देखी जा सकती हैं। ऑनलाइन निविदा प्रिन्ट लेकर भरने की स्थिति में निविदा शुल्क राशि का डी.डी./बैंकर्स चैक संलग्न करना होगा।

7. निविदाएं पूर्ण रूप से भरी जाकर सीलबंद लिफाफे में भेजी जानी है। लिफाफे पर संबंधित आईटम का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। निविदाकर्ता निविदा के सभी पृष्ठों पर मोहर सहित हस्ताक्षर करेंगे।

8. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. यह दर संविदा मात्र दर हेतु उपापन की विषयवस्तु की मात्रा स्थान और समय के लिए ही प्रतिबद्धता के बिना की जा रही है।

10. यदि निविदादाता द्वारा निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा स्वीकार करने से पहले प्रस्ताव को वापस लेता है या विहित करार निष्पादित नहीं करता है या निविदा स्वीकार करने के

बाद या आदेशित सामग्री की आपूर्ति करने में विफल रहता हैं, तो जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।

11. यदि कोई निविदा प्रपत्र बिना धरोहर राशि के अथवा निर्धारित अमानत राशि अथवा निविदा शुल्क के बिना या कम का पाया जाता हैं तो उसे बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार क्रय समिति के पास होगा।

12. निविदा प्रपत्र के साथ आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजियन एवं चुकता प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

13. निविदादाताओं को निर्माता/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

14. सफल निविदादाता को दर अनुमोदन पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर नियमानुसार निर्धारित राशि 500 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप में अनुबंध प्रस्तुत करना होगा।

15. संबंधित सफल फर्म को सामग्री की आपूर्ति कार्यालय आदेश प्राप्ति पर 15 दिवस में पूर्ण करनी होगी। निविदा में वर्णित दरों के संबंध में बाजार में किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि होती है तो इसकी जिम्मेवारी संबंधित फर्म की होगी।

16. यदि क्रेता अधिकारी निविदत्त सामग्री की खरीद नहीं करता है या निविदा सूचना में निर्दिष्ट मात्रा से कम क्रय करता है तो निविदादाता किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

17. कार्ट्रेज क्रय हेतु दर संविदा की दरें अधिकृत डीलर्स/निर्माताओं द्वारा ही प्रस्तुत की जावेंगी।

18. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये तथा शून्य, ऋणात्मक व पैसों में अंकित नहीं की जावे एवं निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो) पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें।

19. सशर्त निविदा दरें स्वीकार नहीं की जायेगी।

20. निविदा दरों में समस्त चुंगी किराया–भाड़ा या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोडकर एफ ओ आर दरें स्टोर, जिला एवं सैशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय की दी जायेगी।

21. सफल निविदादाता/दाताओ को सप्लाई आदेश की राशि का 5% RTPP ACT/ नियमानुसार प्रतिभूति के रूप मे जमा करवानी होगी, जिसमें अमानता राशि का समायोजन किया जा सकेगा। एस एस आई ईकाइयों/रूग्ण ईकाईयों को नियमानुसार सीमा तक छूट देय होगी। निर्धारित सीमा तक छूट प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

22. सफल निविदादाता फर्म/फर्मों को नियमानुसार एक अनुबन्ध पत्र का निष्पादन स्वयं के खर्चे पर संपादित करना होगा।

23. फर्म को संबंधित न्यायालय द्वारा जारी सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण माल सप्लाई करना होगा। विलम्ब के लिए सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

24. दरों पर यदि किसी प्रकार का कर/प्रभार हो तो उसका उल्लेख किया जावेगा। बिना उल्लेख किये प्रस्तुत दरें समस्त कर/प्रभार सहित मानी जावेगी।

25. माल की आपूर्ति संबंधित न्यायालयों के कार्यालय में क्रय आदेश के निर्देशानुसार एफ ओ आर की जायेगी, जिसका अलग से कोई भाडा लोडिंग–अनलोडिंग, पैंकिंग आदि का चार्जेज देय नही होगा।

26. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरों में आपूर्ति, इंस्टॉलेशन आदि सम्मिलित होंगे। इसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा।

27. अनुमोदित दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति तक मान्य होगी।

28. दरें स्वीकार नहीं होने पर अमानत राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

29. आपूर्ति जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम एवं उसके अधीनस्थ न्यायालय से आदेश के तहत प्राप्त सामान सही एवं निविदा मापदण्डों के अनुसार होने पर फर्म को भुगतान संबंधित न्यायालय से कर दिया जावेगा।

30. आपूर्ति की जा रही सामग्री निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप नहीं होने पर ऐसी सामग्री को आपूर्तिकर्ता की जोखिम पर रदद कर दिया जायेगा, जिसे आपूर्तिकर्ता अपने खर्चे पर बदल कर आपूर्ति करेगा एवं रदद की गई सामग्री वापस प्राप्त करेगा।

31. वारण्टी अवधि का स्पष्ट उल्लेख किया जावेगा। आपूर्ति किये गये सामान में वारण्टी अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का डिफेक्ट पाये जाने पर फर्म का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

32. निविदा प्रपत्र मे दी गई सामग्री की मात्रा के स्थान पर वास्तविक आपूर्ति हेतु आदेश नियमानुसार सीमा तक कम या अधिक या शून्य भी हो सकता है।

33. उक्त शर्तो के अतिरिक्त अन्य सभी शर्ते राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 एवं अधिनियम 2012, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशो के अनुसार मान्य होगी।

34. आपूर्तिकर्ता फर्म के सप्लाई किए जा रहे सामान का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

35. कोई भी विवाद होने की स्थिति में जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–प्रथम का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

36. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर मय सील करने होंगे।

37. गत दो वर्षों का औसत टर्न ओवर 10 लाख रू0 या इससे अधिक होना चाहिए।

38. तकनीकी निविदा में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जावेगा।

39. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये एव निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो)पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें।

40. आपूर्तिकर्ता फर्म अधिनियम के तहत पंजीकृत फर्म होनी चाहिए एवं वैट/जीएसटी आदि के नवीनतम क्लीयंरेस प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से जारी संलग्न होने चाहिए।

41. यह दर संविदा मात्र दर हेतु उपापन की विषयवस्तु की मात्रा स्थान और समय के लिए प्रतिबद्धता के बिना की जा रही है।

42. विभिन्न मेक/ब्राण्ड के कम्प्यूटर कार्टिज की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारंटी नहीं दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नहीं होगा। कम्प्यूटर कार्टिज के किसी आईटम की संख्या में नियमानुसार वृद्धि होने पर अनुबंधित संवेदक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर उपलब्ध करानी होगी।

43. अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर एसी उपलब्ध कराने के लिए उनकी कीमत कम कोटकर्ता करता है तो उस दर संविदा के अधीन एसी की कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।

44. बोली की विधि मान्यता वित्तीय बिड़ खुलने की तिथि से 31.03.2026 तक की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।

45. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सोपेगा या भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।

46. मूल्यांकन की कसौटी– तकनीकी बोली में सफल/क्वालिफाइड बोलीदाता/संवेदक की आईटमवाईज न्यूतम कीमत के आधार पर वित्तीय बोली का मूल्यांकन किया जावेगा।

47. **करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :-**

- बोली आमंत्रण में अंकित आईटम्स/वस्तु की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश पत्र की दिनांक से अधिकतम 07 दिन में सेवा के प्रदाय आदेश की रकम की 5 प्रतिशत राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप में डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर द्वितीय के नाम पर जमा करानी होगी एवं 500 रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम में निर्धारित एस.आर. प्रारूप 17 में एक करार पत्र निष्पादन करना होगा।
- सफल बोली लगाने वाले की दशा में, बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है या लौटायी जा सकती है यदि सफल बोली लगाने वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि दे देता है।
- कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा।

48. **कार्य सम्पादन प्रतिभूति** राशि का समपहरण (Forfeiture of Work Performance Security Deposit) :- कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का पूर्ण या आंशिक रूप से निमनांकित मामलो में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगा :–

- जब संविदा की शर्तों का उल्लघंन किया गया हो।
- जब बोलीदाता सम्पूर्ण सेवा सप्लाई संतोषजनक ढांग से कार्य करने में असफल रहा हो।
- जब बोलीदाता सेवा सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में सेवा की सप्लाई आरंभ करने में असफल रहता हो। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जायेगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

49. **भुगतान** :– सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारूप में बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

50. **दरें** :–

i. बोली में दरे शब्दों एवं अंको दोनो रूप में लिखी जावेंगी। इसमें कोई त्रुटि (Errors) एवं उपरिलेखन (Overwriting) नहीं होना चाहिये। यदि कोई शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघु हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

ii. यदि शब्दों और अंको के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम तब तक प्रभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंकगणितीय त्रुटि से संबंधित न हो।

iii. बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे।

iv. सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नही होगी। अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नहीं दी जावे। यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर निरस्त कर दी जावेगी।

v. सप्लाई के समय माल प्राप्त होने पर निरीक्षण उपरान्त माल विभागीय स्पेशिफिकेशन के अनुसार पाये जाने पर यथाशीघ्र भुगतान कर दिया जावेगा। अतः बोली में दर अंकित करते समय माल की सप्लाई के पूर्ण करने पर भुगतान हेतु समय सीमा की शर्त अंकित नहीं की जावे। यदि भुगतान हेतु समय सीमा अंकित की जावेगी तो सशर्त बोली मानकर निरस्त की जा सकेगी।

vi. बोली दरें खुलने के पश्चात यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा। जिसेके कारण उसकी बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी।

vii. न्यूनतम दरदाता का निर्धारण आइटमवार प्रस्तुत न्यूनतम दरों के आधार पर किया जावेगा। न्यूनतम दरदाता न्यूनतम दरों के आधर पर एक या अधिक भी हो सकते है।

51. **स्पेशिफिकेशन :–**

i. यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुए निर्धारित स्तर के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है, तो अस्वीकृत माल के बदले में निर्धारित स्तर की वस्तु देने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी तथा बोलीदाताओं को अस्वीकृत किये माल के बदले में निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के क्रय आदेश में निर्धारित सप्लाई अवधि में ही देना होगा।

52. **निरीक्षण एवं परीक्षण :–**

i. सप्लाई प्राप्ति के समय यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व जांच की जा सकेगी कि वे निर्धारित स्पेशिफिकेशन के अनुरूप है या नहीं। जहाँ आवश्यक हो, प्रावधित किया गया हो या व्यवहारिक हो, वहां परीक्षण सरकारी प्रयोगशालाओं/प्रतिष्ठित परीक्षण गृहो में करवाया जा सकेगा तथा परीक्षण पर यदि सामान विहित स्पेशिफिकेशन के स्तर के अनुरूप पाया जायेगा तो उन्हें स्वीकार किया जाएगा।

53. **माल की सप्लाई :–**

i. बोलीदाता सप्लाई के समय माल की उचित पैकिंग करने के लिए उत्तरदायी होगा ताकि समुद्र, रेल, सडक या वायुसान द्वारा परिवहन की सामान्य स्थिति में उनमें कोई क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। माल प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त सामग्रियों की जांच, निरीक्षण किये जाने पर माल में पाई गई किसी प्रकार की हानि, क्षति, टूटफूट या रिसाव या किसी कमी के होने के मामले में हुई हानि एवं कमी की पूर्ति के लिए बोलीदाता उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नहीं की जाएगी।

54. **सुपुर्दगी अवधि (Delivery Period) :-** जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाएगी वह बोली आमंत्रण में अंकित सप्लाई अवधि में माल की सप्लाई करेगा। सप्लाई अवधि, विभाग द्वारा जारी सप्लाई आदेश की दिनांक से शुरू होगी।

55. दर अनुबंध अवधि कार्यादेश जारी किये जाने की दिनांक से <u>एक वर्ष के लिए होगी,</u> जिसे नियमानुसार बढ़ाया जा सकेगा। उक्त दर संविदा निर्धारित अवधि में अंकित किये गये आईटमस हेतु की जानी है। बोली दस्तावेज में अंकित की गई मात्रा संभावित है। यह दर संविदा उपापन की विषय वस्तु की मात्रा, स्थान और समय के लिए प्रतिबद्धता के बिना, कीमत के लिए की जायेगी। अतः तदनुसार एक से अधिक न्यूनतम दरदाताओं का निर्धारण किया जा सकता हैं।

56. निविदादाता का यह दायित्व होगा कि वह निविदा में वांछित स्पेशिफिकेशन एवं शर्तों का भली प्रकार से अध्ययन करे। आपूर्ति के समय जांच के दौरान यदि यह पाया जाता है कि फर्म द्वारा आपूर्ति आईटम बिड स्पेशिफिकेशन की पूर्ति नही करता है एवं निविदादाता द्वारा गलत तरीके से कार्यादेश प्राप्त किया है तो ऐसी स्थिति में आपूर्ति स्वीकार नही की जावेगी। समस्त बोली प्रतिभूति जप्त कर ली जावेगी एवं नियमानुसार बोलीदाता को ब्लैकलिस्ट किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

मैंने/हमनें उपरोक्त समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह से समझ लिया है एवं प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिये है तथा समस्त शर्तों के पालन हेतु सहमत हूँ/है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

Annexure D

All-In-one Specifications

S.no.	Parameters	Minimum Specifications
1	Type	All-in-one PC
2	Processor	x86 Processor i.e. Intel i5, 12000 Series/AMD Ryzen5, 5000 Series
3	Motherboard	OEM Mother board
4	Chipset	Suitable chipset for quoted processor with upgradable support
5	Momory	8 GB DDR-4 3600 MHz or higher expandable up to 64GB
6	Graphics	Integrated HD or better Graphics controller
7	Stroge	512GB SSD or Higher
8	Network	Integrated Gigabit Ethernet controller with RJ-45 connector, WIFI and Bluetooth 5.0 or higher
9	Exteranal Ports	2 x USB 2.0 or higher and 2 x USB 3.0 or higher ports, 1 HDMI port, 1 DP port
10	Audio	Intergrated sound controller
11	Key Bord	Standard 104 Keys OEM Keyboard with Rupee Symbol and USB Interface
12	Mouse	OEM Optial USB Scroll Mouse with Mousepad
13	Display	23" or higher LCD/TFT display non-tuch having FHD(1920 x 1080) or better resolution
14	Webcam	Full HD with intergrated mic
15	Power Management & DMI	System with power management features & Desktop Management Interface implementation
16	Power efficiency	Minimum 85 %
17	OS Support	Customized Ubuntu provided by Hon'ble eComittee, SCI or Latest version of Windows with supported drivers.
18	Accessories	System user manual and all other necessary accessories
19	Compliance & Certifications	Complete system should be BIS registered, BEE/Energy Star certified and RoHS Complied and EPR Complied
20	Stand	Height adjustable
21	Warranty	1 years onsite warranty. Comprehensive with consumables and non consumables.

Printer Spcifications

1	Speed(min.)	Simplex 35PPM or higher(A4) Duplex 15PPM or higher (A4)
2	Memory (min.)	256 MB higher
3	Techonology	Black and White, Laser/InkTank, Automatic

		Duplex Printing
4	Resolution	600x600 Dpi or higher
5	Language support	PCL6/UFRII or equivalent
6	Interface	USB 2.0 or higher
7	Monthly Duty Cycle	40000 pages or higher
8	Media size support	A4, Legal, Letter and Envelope
9	Drivers & accessories	Yes-Power cable, USB Cable, Pre-installed toner cartridge(s)
10	OS support	Windows, Linux(Ubuntu) and Any other compatible OS
11	Environmental Compliance	BIS/BEE/Energy star, RoHS and EPR complied
12	Comprehensive On Site Warranty except for consumables	1 Year

Photocopier Machine Specifications

1	Print Technology	Laser
2	Type of Machine	Multifunctional Photo copy Machine
3	Type of Printing	Mono
4	Cartridge Technology	Separate Drum and Toner
5	Platen / Flatbed Size	A3
6	Paper Size (Original/Image)	A4, A3, Legal
7	Memory / RAM Size (MB)	256 MB or Higher
8	Minimum Speed per Minute as Per ISO/IEC 24734 in A4 Size-Mono	20 PPM or Higher
9	Scanning Feature Availability	Duplex, Color Scan
10	Networking Feature Availability	Yes
11	Duplexing Feature Availability	Yes
12	Feeder Capacity	50 Sheet or Higher
13	No of Main Paper Tray	Single or More
14	Each Main Paper Tray Capacity	250 Paper or Higher
15	By Pass Tray	Yes
16	Yield of The Cartridge	12000 or Higher
17	Monthly Duaty Cycle	30,000 or Higher

	Number of Prints	
18	Life of Drum	60,000 or Higher
19	Warranty	3 Year On Site Warranty Including All Spares and Services Excluding Consumables
20	Print Resolution	600*600 DPI
21	Compatible Operating System	Ubuntu, Linux 20.04, Windows
22	USB Port	Yes
23	Zoom	25% to 400%

Note- All Specification must be read equivalent or higher.

Annexure-F

50/–रू0 का नॉन ज्यूडिशियल स्टांप

<u>घोषणा पत्र</u>

कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम के लिये दर संविदा निविदा आमंत्रित सूचना की समस्त जानकारी/शर्तो का मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि **जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम** का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य/आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित सामग्री उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट, डिफाल्टर या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। दी गई दरें क्रेता अधिकारी के कार्यालय तक पहुँचाने की है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बिड को रद्द किया जा सकेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैंने/हमने जिन वस्तुएँ/स्टोर्स/उपकरणों के लिये निविदा की है, उनका/उनके में/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/होल वितरक/प्राधिकृत डीलर/होल सेलर/विपणन एजेन्ट हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो कि मुझ/हम पर की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपृहत कर लिया जायेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है रद्द कर दिया जायेगा।

दिनांक :–

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबर सील

निविदादाता का नाम :–...

पूर्ण पता :– ....

मो0 नं0 ....

Am/2022

Annexure-G

DISTRICT & SESSION COURT, JAIPUR METRO- I

Tender for Rate Conteract for the Supply of Items

NIT No. -------------- ---/-- ----/2025-26/ **Dated:**

आपूर्ति/कार्यानुभव का विवरण

क. सं.	विभाग/संस्थान का नाम	राजकीय/ अर्द्धराजकीय/ प्राइवेट	कार्यादेश क्रमांक व दिनांक	कार्यादेश की राशि

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

FORM No. I

[See rule 83]

Memorandum of Appeal under the Rajasthan Transparency in

Public Procurement Act, 2012

Appeal No. .... of ....

Before the .... (First/Second Appellate Authority)

1. Particulars of appellant:
   (i) Name of the appellant:
   (ii) Official address, if any:
   (iii) Residential address:
2. Name and address of the respondent(s) (i)

   (ii)

   (iii)
3. Number and date of the order appealed against and name and designation ofthe officer/authority who passed the order (enclose copy) or a statement of a decision, action or omission of the Procuring Entity in contravention to the provisions of the Act by which the appellant is aggrieved:
4. If the Appellant proposes to be represented by a representative, the name and postal of the representative:
5. Number of Affidavits and documents enclosed with the appeal:
6. Grounds of appeal :

   ....

   .... (Supported by an affidavit)
7. Prayer :

   ....

   ....

   ....

Place ....

Date ....

ANNEXURE-1: DECLARATION BY BIDDER (To be signed by bidders)

I/ We declare that I am/we are Manufacturers / Authorised dealer/ Channel Partner in the goods/stores/ equipment for which I/ We have quoted.

If this declaration is found to be incorrect then without prejudice to any other action that may be taken, my/ our security may be forfeited in full and the bid, if any, to the extent accepted may be cancelled.

Name of the Bidder:-

Authorised Signatory: -

Seal of the Organization:-

Date:

Place:

ANNEXURE 2: DECLARATION BY THE BIDDER REGARDING QUALIFICATIONS

In relation to my/our Bid submitted to ....For Procurement of ....in response to their Notice Inviting Bids No... ....Dated .... I/ we hereby declare under Section 7 of Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, 2012 that:-

1. I/we possess the necessary professional, technical, financial and managerial resources and competence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity.

2. I/we have fulfilled my/our obligation to pay such of the taxes payable to the Union and the State Government or any local authority as specified in the Bidding Document.

3. I/we are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial officer, not have my/our business activities suspended and not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons.

4. I/we do not have, and our directors and officers not have, been convicted of any criminal offence related to my/our professional conduct or the making of false statement or misrepresentations as to my/ our qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceding the commencement of this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;

5. / we do not have a conflict of interest as specified in the Act, Rules and the Bidding Document which materially affects fair competition.

6. I/ we will comply with the code of integrity as specified in the bidding document

If this declaration is found to be incorrect, then without prejudice to any other action that may be taken as per the provisions of the applicable Act and Rules thereto prescribed by GoR, my/ our security may be forfeited in full and our bid, to the extent accepted, may be cancelled.

Date: Signature of bidder

Place: Name:

Designation:

Address:

ANNEXURE-3: CERTIFICATE OF CONFORMITY/NO DEVIATION

(to be filled by the bidder)

To.

Chairman,
Purchase Committee,
District and Session Court,
Jaipur Metropolitan-I

CERTIFICATE

This is to certify that, the specifications of Hardware & Software which I/ We have mentioned in the Technical bid, and which I/ We shall supply if I/ We/ am/ are awarded with the work, are in conformity with the minimum technical specifications of the bidding document and that there are no deviations of any kind from the required specifications.

Also, I/ we have thoroughly read the bidding document and by signing this certificate, we hereby submit our token of unconditional acceptance to all the terms & conditions of the bidding document without any deviations and assumptions.

I/We also certify that the price I/ we have quoted is inclusive of all the cost factors involved in the end- to-end implementation and execution of the project, to meet the desired Standards set out in the bidding Document.

Thanking you,

Name of the Bidder: -

Authorised Signatory:

Seal of the Organization:

Date:-

Place:-

ANNEXURE-4 : UNDERTAKING ON COMPLIANCE TO LAND BORDER POLICY

To.

Chairman,
Purchase Committee,
District and Session Court,
Jaipur Metropolitan-I

Reference: NIB No.:

In response to the NIB Ref no......................dated............................for supply of ----------------------------------- (as pe bid specifications),I/ We hereby undertake that presently our company/firm.. ....at the time of bidding comply with sub rule 4 under RTPP Rules 2013 and order of FD Rajasthan dated 30.03.2021, 15.01.2021 & Other related circulars. If this declaration is found to be incorrect than without prejudice to any other action that may be taken as per the provisions of the applicable act and rules thereto prescribed by Government of Rajasthan, My/Our security may be forfeited in full and our bid, to the extent accepted, may be cancelled.

Authorized Signatory

Name:

Designation: